आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

शनिवार 10.05.2025

समय 07.20

पहले मुख्य समाचार :—

- भारतीय सीमा में पाकिस्तानी ड्रोन की घुसपैठ नाकाम, भारतीय सशस्त्र बलों ने ड्रोन रोधी प्रणाली का इस्तेमाल कर रिहायशी और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की साजिश को किया विफल।

- केंद्र ने सभी राज्यों से आपातकालीन स्थिति में नागरिक सुरक्षा प्रमुखों को आपातकालीन खरीद का अधिकार देने को कहा।

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सरकारी कार्मिकों से जनहित में संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ कार्य करने की अपील की

- प्रदेश में भ्रष्टाचार पर कार्रवाई जारी, विजिलेंस ने नैनीताल में मुख्य कोषाधिकारी और कोषागार के एकाउंटेंट को एक लाख बीस हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

संघर्ष/जवाबी कार्रवाई

पाकिस्तान के साथ लगी नियंत्रण रेखा और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित बारामुला से भुज तक करीब छब्बीस स्थानों पर ड्रोन नजर आए हैं। इनमें वे ड्रोन भी शामिल हैं जो रिहायशी और सैनिक ठिकानों के लिये खतरा बन सकते थे। रक्षा सूत्रों के अनुसार इन स्थानों में बारामुला, श्रीनगर, अवन्तिपुरा, नगरोटा, जम्मू, फिरोज़पुर, पठानकोट, फाजलिका, लालगढ़जट्ट, जैसलमेर, बागमेढ़, भुज, कुवारबेट और लखीनाला शामिल हैं। भारतीय सशस्त्र बल अलर्ट पर हैं और ड्रोन खतरों का, ड्रोन रोधी प्रणाली का इस्तेमाल कर मुकाबला किया जा रहा है। स्थिति पर कड़ी नज़र रखी जा रही है और जहां—जहां आवश्यक है, वहां—वहां तुरंत कार्रवाई की जा रही है। सीमा क्षेत्र में रहने वाले लोगों को घरों में रहने, अनवाश्यक रूप से बाहर न निकलने और कड़े सुरक्षा मानकों का पालन करने की सलाह दी गई है। निर्देशों में कहा गया है कि परेशान होने की जरूरत नहीं है और केवल सजग तथा चौकस रहने की आवश्यकता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हथियारों से लैस ड्रोन के माध्यम से फिरोजपुर, अमृतसर, पठानकोट सहित पंजाब के सीमावर्ती जिलों में हमला करने की कोशिश की गई है, लेकिन भारतीय सुरक्षा बलों ने सफलतापूर्वक इन प्रयासों को नाकाम कर दिया। हालांकि फिरोज़पुर में ड्रोन से एक मकान को नुकसान पहुंचा है और तीन लोग घायल हुए हैं। इन्हें अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है और उनके सुरक्षित होने की ख़बर है।

ड्रोन हमले

पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार की रात को करीब चार सौ ड्रोनों का इस्तेमाल करते हुए लेह से सरक्रिक तक 36 स्थानों पर घुसपैठ की कोशिश की। भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने हथियारों तथा जैमर जैसी तकनीक का इस्तेमाल कर कई ड्रोनों को मार गिराया। नई दिल्ली में विशेष संवाददाता सम्मेलन में भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने समूची पश्चिमी सीमा पर कई बार भारतीय हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया और सैन्य ढांचे को लक्ष्य बनाने की कोशिश की।

कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान ने 7 मई की शाम को अकारण ड्रोन और मिसाइल हमले के दौरान अपना सिविल विमानन क्षेत्र खुला रखा। उन्होंने नागरिक विमानों का इस्तेमाल ढाल के रूप में करने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की।

पत्र/आपातकालीन खरीद अधिकार

केंद्र ने सभी राज्यों से आपात स्थिति में नागरिक सुरक्षा प्रमुखों को आपातकालीन खरीद का अधिकार देने को कहा है। अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा और होमगार्ड के महानिदेशक विवेक श्रीवास्तव ने आज इस संबंध में राज्यों को पत्र लिखा।

रिश्वतखोर गिरफ्तार

प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की कार्रवाई लगातार जारी है। विजिलेंस ने कल नैनीताल में बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य कोषाधिकारी और कोषागार के एकाउंटेंट को एक लाख बीस हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर राज्य में ''जीरो टॉलरेंस ऑन करप्शन'' की नीति के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है। पिछले तीन वर्षों में विजिलेंस और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों की सक्रियता से अब तक 150 से अधिक आरोपी अधिकारी, कर्मचारी और माफिया जेल भेजे जा चुके हैं।

वहीं, शिक्षा क्षेत्र में पारदर्शिता लाने के लिए लागू नकल विरोधी कानून के तहत 80 से अधिक नकल माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई हुई है। इसी का नतीजा है कि बीते तीन वर्षों में करीब 23 हजार युवाओं को पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरियां मिली हैं, और कानून लागू होने के बाद से अब तक नकल की कोई शिकायत सामने नहीं आई है।

राज्य में हाल के महीनों में कई अन्य मामलों में भी त्वरित कार्रवाई की गई है, जिनमें लोक निर्माण विभाग, बिजली विभाग, आबकारी, आरटीओ, शिक्षा, रोडवेज, राजस्व और सीएम हेल्पलाइन से जुड़े कर्मचारियों और अधिकारियों को रिश्वत लेते या मांगते गिरफ्तार किया गया।

मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में चल रहा यह भ्रष्टाचार विरोधी अभियान आगे भी जारी रहेगा।

<u>कार्यक्रम संबोधन मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सरकारी कार्मिकों से जनहित में संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ कार्य करने की अपील की है। सचिवालय संघ के आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों की कलम से निकले शब्द केवल आदेश नहीं, बल्कि आम नागरिकों के जीवन में आशा की किरण होते हैं।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सचिवालय परिसर में छह मंजिला वैकल्पिक भवन निर्माण का शिलान्यास किया और कहा कि सचिवालय प्रदेश की शासन व्यवस्था की आत्मा है। यहां लिए गए निर्णय राज्य के हर वर्ग और क्षेत्र के कल्याण से जुड़े होते हैं।

श्री धामी ने बताया कि शासन और कर्मचारी संगठनों के बीच संवाद और विश्वास पहले से अधिक मजबूत हुआ है। सरकार ने सचिवालय कर्मियों के हित में कई निर्णय लिए हैं, जिनमें 3 करोड़ रुपये की लागत से फर्नीचर और कंप्यूटर की खरीद, सचिवालय कैंटीन और संघ भवन का जीर्णोद्धार, बैडमिंटन कोर्ट का नवीनीकरण और 70 कारों की क्षमता वाली पार्किंग का निर्माण शामिल है।

<u>पेयजल आपूर्ति</u>

गर्मियों के मौसम में स्वच्छ और निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर देहरादून जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर जिले में पहली बार पेयजल आपूर्ति से जुड़े सात विभागों के अधिकारी 20 अप्रैल से जिला कंट्रोल रूम में तैनात हैं। इन अधिकारियों की तैनाती का उद्देश्य हर प्रकार की पेयजल समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।

कंट्रोल रूम को अब तक पेयजल से जुड़ी कुल 36 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 34 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। जिला प्रशासन का स्पष्ट निर्देश है कि यदि पाइपलाइन से पानी नहीं पहुंच रहा है तो टैंकर से, और यदि टैंकर की सुविधा भी उपलब्ध नहीं हो तो खच्चर के माध्यम से भी शुद्ध पेयजल हर घर तक पहुंचाया जाए।

जिला स्तर पर गठित समिति कंट्रोल रूम में प्राप्त हर शिकायत की बारीकी से निगरानी कर रही है और जल संस्थान व जल निगम के सक्षम अधिकारियों की तैनाती से प्रभावी समन्वय बनाते हुए शिकायतों का समाधान कराया जा रहा है। जल संस्थान एवं जल निगम के सभी डिवीजनों में समस्याओं के समाधान के लिये टोल फ्री नंबर भी प्रचारित किए गए हैं। नागरिक अपनी शिकायतें कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 0135–2726066 और 1077 पर दर्ज करा सकते हैं।

निर्यात प्रोत्साहन कार्यशाला

जिला उद्योग केंद्र कोटद्वार ने जिला स्तरीय निर्यात प्रोत्साहन कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में पौड़ी जिले को एक्सपोर्ट हब के रूप में विकसित करने के लिए उद्यमियों, कारीगरों और निर्यातकों को निर्यात संबंधी प्रक्रियाओं और योजनाओं की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में निदेशालय उद्योग उत्तराखण्ड के संयुक्त निदेशक डॉक्टर दीपक मुरारी ने कहा कि उत्तराखण्ड में स्थानीय उत्पादों की वैश्विक बाजार में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने उद्यमियों से अंतरराष्ट्रीय व्यापार की बारीकियों को समझने और सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की।

एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

पाकिस्तान के नापाक हमलों की खबरों को सभी समाचार पत्रों ने आज प्रमुखता से प्रकाशित किया है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने लिखा है– पाकिस्तान ने लगातार तीसरे दिन जम्मू–कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में ड्रोन हमले किये, भारत ने हवा में ही मार गिराए। नवोदय टाइम्स का शीर्षक है– पाक के ड्रोन हमले किये नाकाम। इसी ख़बर पर राष्ट्रीय सहारा लिखा है–पाकिस्तान ने दागे 400 ड्रोन, भारत ने किये नाकाम। दैनिक जागरण की ख़बर है– भारत की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान की चौकियां नष्ट।

आतंकवाद के खिलाफ भारत के आपरेशन सिंदूर के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतकर्ता बरतने की खबर को सभी समाचार पत्रों पे प्रमुख्ता से प्रकाशित किया है। मुख्यमंत्री के हवाले से अमर उजाला सामचार पत्र लिखता है– सरहद वाले इलाकों में विशेष सतकर्ता बरतें। दैनिक जागरण इसी ख़बर पर शीर्षक देता है– राज्य में सुनिश्चत रहे दवा व खाद्यन्न की आपूर्ति। हिंदुस्तान ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है– खाद्य एवं स्वास्थ्य सेवाएं दुरूस्त रखें अफसर।